मई में चार बार महंगी हुई सीएनजी

15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए



नई दिल्ली, 26 मई राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गयी. दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गयी है. पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी.

दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गयी है. सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है. इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाये गये थे. इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गये हैं. दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी आज से 91.70 रुपये का हो गया है. गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गयी है.

अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किग्रा के भाव मिलेगी.

> उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही हैगत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ायी गयी है

अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 92.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 89.42 रुपये, हापुड़ में 92.70 रुपये तथा गौतमबुद्ध नगर में 91.70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 91.70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी.

प्रमुख सूचकांकों में गिरावट बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयर टूटे

मुंबई, 26 मई. अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में गिरावट देखी गयी और बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही. बीएसई का सेंसेक्स 479.26 अंक (0.63 प्रतिशत) टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ.निफ्टी-50 सूचकांक भी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत नीचे 23,913.70 अंक पर आ गया. सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ देर के लिए दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में गये थे, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली होने से फिर लाल निशान में चले गये. अमेरिका ने सोमवार रात ईरान पर फिर हमले किये हैं.इससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है.

13 .37 गीगावाट से मिलेगी 24 घंटे बिजली

खावड़ा में अडानी की दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी परियोजना

10 लाख घरों तक एक दिन बिजली पहुंचाने में सक्षम प्रणाली



अहमदाबाद, 26 मई. अडानी समूह की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने गुजरात के खावड़ा में कुल 3.37 गीगावाट प्रति घंटा क्षमता की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) चालू कर दिया है जो चीन के बाहर दुनिया का किसी देश में एक जगह स्थापित सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा स्टोरेज प्रणाली है जिसमें हरित ऊर्जा का भंडारण किया जाता है.

एजीईएल की योजना चालू वित्त वर्ष में और 10 गीगावाट/घंटा से ज़्यादा की बैटरी स्टोरेज क्षमता जोड़ने और अगले पाँच वर्षों में इसे बढ़ाकर 50 गीगावाट तक पहुँचाने की हैएक गीगावाट एक हजार मेगावाट या एक अरब वाट के बराबर है. कंपनी ने मंगलवार को कहा कि यह सुविधा इतनी समर्थवान है कि इससे लगभग दस लाख घरों को पूरे एक दिन तक बिजली दी जा सकेइस तरह यह इंदौर, चंडीगढ़ जैसे शहरों या पूरे गोवा राज्य में व्यस्ततम समय की बिजली की माँग को पूरा करने में सक्षम है.

> एजीईएल के अधिशासी डायरेक्टर सागर अडानी ने कहा, भारत के साफ़ ऊर्जा बदलाव के अगले चरण में बड़े पैमाने पर एनर्जी स्टोरेज की भूमिका बहुत अहम होगीजैसे-जैसे नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता तेज़ी से बढ़ रही है, भरोसेमंद और 24 घंटे साफ बिजली की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए भंडारण अवसंरचना का होना बेहद ज़रूरी हो गया है खावड़ा में 3 .37 गीगावाट की बिजली बैटरी-स्टोर के शुरू होने के साथ ही कंपनी अब एक मज़बूत, नियंत्रित आपूर्ति योग्य और लचीली ऊर्जा प्रणालियों की नींव को और भी मज़बूत बना रहा है.



भारत-कनाडा व्यापार समझौते को मिली नई रफ्तार

गोयल की कनाडा यात्रा से मजबूत होंगे व्यापारिक रिश्ते

निवेश, तकनीक और कृषि सहयोग बढ़ाने पर हुई अहम चर्चा

नई दिल्ली/ ओटावा 26 मई. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा की अपनी यात्रा के ओटावा चरण में प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड तथा विदेश मंत्री अनिता आनंद के साथ बैठकें कर भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने और आपसी व्यापार-निवेश बढ़ाने के लिए प्रस्तावित द्विपक्षीय समझौते की बातचीत को अंतिम रूप देने पर चर्चा की हैं.

मंत्री गोयल ने प्रधानमंत्री श्री कार्नी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभकामना संदेश दिया और दोनों देशों के संबंधों को गति देने के मेजबान प्रधानमंत्री के योगदान का उल्लेख कियादोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 70अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए काम करने की प्रतिद्धबद्धता व्यक्त की. एक बड़े व्यावसायिक दल के साथ इस यात्रा पर गये.

मंत्री गोयल ने प्रधानमंत्री श्री कार्नी के साथ अपनी मुलाकात के बारे में कहा, मैक जे कार्नी से मुलाकात की, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं.

> मंत्रीगोयल ने विदेश मंत्री अनिता आनंद के साथ अपनी व्यापक चर्चा के बारे में सोशल मीडिया पर कहा कि इस बातचीत में भारत-कनाडा रणनीतिक साझेदारी के लिए व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी संबंधों के महत्व पर जोर दिया गयाश्री गोयल ने सुश्री आनंद को बताया कि भारत का बढ़ता बुनियादी ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और उपभोक्ता क्षेत्र, अन्य क्षेत्रों के साथ मिलकर, व्यापक सहयोग और निवेश के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं.

सोना और चांदी में आई गिरावट

900 रुपए नीचे आया सोना

3400 रुपए सस्ती हुई चांदी



नई दिल्ली, 26 मई. देश के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई.24 कैरेट सोना जहां 900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ, वहीं चांदी के दाम में 3400 रुपये से अधिक की भारी गिरावट देखने को मिली.

बाजार में आई इस नरमी ने निवेशकों के साथ-साथ आभूषण खरीदने वाले ग्राहकों का भी ध्यान खींचा है.इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की ओर से जारी ताजा दरों के अनुसार, 24 कैरेट सोने का भाव घटकर 1,57,722 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है.इससे पहले सोमवार को इसका भाव 1,58,622 रुपये प्रति 10 ग्राम था.

इसी तरह 23 कैरेट सोना 1,57,090 रुपये, 22 कैरेट सोना 1,44,473 रुपये, 18 कैरेट सोना 1,18,292 रुपये और 14 कैरेट सोना 92,267 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर दर्ज किया गया. चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई.सोमवार को जहां चांदी 2,69,754 रुपये प्रति किलोग्राम थी, वहीं मंगलवार को इसका भाव गिरकर 2,66,350 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया.यानी एक ही दिन में चांदी 3,404 रुपये प्रति किलो तक टूट गई. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में भी सोना और चांदी दबाव में रहे.कारोबार के दौरान सोने में करीब आधा प्रतिशत और चांदी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई

> अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों धातुओं में कमजोरी देखने को मिली, जिसका असर घरेलू बाजार पर पड़ा. आर्थिक विश्लेषकों का कहना है कि बढ़ती महंगाई और वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशक फिलहाल सतर्क रणनीति अपना रहे हैं.

एंटी-डंपिंग ड्यूटी से 28,540 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा बचाना संभव

नई दिल्ली, 26 मई. भारत एंटी-डंपिंग शुल्क लगाकर हर साल करीब 28,540 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा बचा सकता है. सेंटर फॉर डोमेस्टिक इकोनॉमी पॉलिसी रिसर्च (सी-डीईपी) और केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ स्टडीज की मंगलवार को जारी एक साझा रिपोर्ट में यह बात कही गयी है. इसमें दावा किया गया है कि ऐसा करने से घरेलू उद्योगों में 70,000 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त निवेश का रास्ता खुल सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक, लंबे समय तक सस्ते आयात से घरेलू उद्योगों और छोटे एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर दबाव बढ़ा है.

रे नियो फार्मा का भोपाल में शुभारंभ

सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती



भोपाल, 26 मई. अगली पीढ़ी की फार्मास्युटिकल कंपनी रे नियो फार्मा, जो गुणवत्ता-आधारित और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य समाधानों पर काम करती है, ने भोपाल में अपना कामकाज आधिकारिक रूप से शुरू कर दिया है.

यह मध्य भारत के तेजी से विकसित हो रहे स्वास्थ्य बाजार में कंपनी का एक रणनीतिक विस्तार है. इसकी घोषणा शहर में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान की गई, जहां कंपनी ने मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रीय बाजारों में किफायती, भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य समाधानों तक पहुंच मजबूत करने की अपनी दीर्घकालिक सोच साझा की.भोपाल को मध्य भारत के एक रणनीतिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में देखते हुए, रे नियो फार्मा का लक्ष्य मध्य प्रदेश और उसके पड़ोसी क्षेत्रों में किफायती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा समाधानों तक पहुंच को और मजबूत करना है. शहर तेजी से स्वास्थ्य ढांचे, मेडिकल शिक्षा और मरीज देखभाल के केंद्र के रूप में उभर रहा है, जो खासकर टियर 2 और टियर 3 बाजारों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मजबूत माहौल उपलब्ध कराता है.

खादी की बढ़ी चमक, रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची बिक्री

'वोकल फॉर लोकल' अभियान से ग्रामीण उद्योगों को मिली नई रफ्तार



नई दिल्ली, 26 मई. खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 में 1.87 लाख करोड़ रुपये के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी.

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में खादी एवं ग्रामोद्योगों का उत्पादन 1,25,296 करोड़ रहा. इस दौरान बिक्री भी 1,87,105 करोड़ रही जो अब तक की सर्वाधिक बिक्री है.खादी वस्त्रों का उत्पादन 3,974 करोड़ और बिक्री 7,869 करोड़ रही.वहीं, ग्रामोद्योग क्षेत्र की वस्तुओं का उत्पादन 1,21,322 करोड़ और बिक्री 30,073 करोड़ रही.ग्रामोद्योग क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025-26 में 1.99 करोड़ लोगों को रोजगार मिला जो ग्रामीण आजीविका सृजन में इस क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है.

कुमार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और घर-घर स्वदेशी जैसे अभियानों के प्रभाव से ग्रामोद्योग उत्पादों की मांग में निरंतर वृद्धि हुई है, जिससे यह क्षेत्र ग्रामीण उद्योगों के विस्तार, बाजार सुदृढ़ीकरण और रोजगार सृजन का एक प्रमुख आधार बनकर उभरा है.उन्होंने बताया कि पिछले 12 साल में उत्पादन में 380 प्रश और बिक्री में 501 प्रश की वृद्धि दर्ज की गयी है.

बारह साल में रोजगार सृजन 56 प्रतिशत बढ़ा है और 2.04 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है. केवीआईसी की योजनाएं वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नयी गति दे रही हैं.प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत वित्त वर्ष 2025-26 में 66,494 नयी इकाइयों की स्थापना की गयी, जिनके लिए 7,375 करोड़ के ऋण के विरुद्ध 2,457 करोड़ की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की गयी.इन इकाइयों के माध्यम से 7,31,434 लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ. ग्रामोद्योग विकास योजनांतर्गत अब तक बिजली से चलने वाले 51,230 चाक; 2,46,099 बी-बॉक्स व बी-कालोनी; ऑटोमैटिक एवं पैडल चालित अगरबत्ती निर्माण के लिए 2,674 मशीन; जूते-चप्पल बनाने और मरम्मत करने के लिए 7,669 टूलकिट; पेपर प्लेट एवं दोना निर्माण के लिए 836 मशीन; एसी, मोबाइल, सिलाई, इलेक्ट्रिशियन व प्लंबर के काम के लिए 7,571 टूलकिट; टर्नवुड, वेस्टवुड क्रॉफ्ट व लकड़ी के खिलौने बनाने की 5,138 मशीन तथा पामगुड़, तेल घानी व इमली प्रसंस्करण के लिए 1,789 मशीनों का वितरण किया.

अशोक लेलैंड को मिला 715 वाहनों का ऑर्डर

नई दिल्ली, 26 मई. हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी और अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता अशोक लेलैंड को वीआरएल लॉजिस्टिक्स से 715 वाहनों का ऑर्डर मिला है. कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस ऑर्डर में एवीटीआर 3120 हॉलेज ट्रक, बॉस 1615 ट्रक और ऑयस्टर स्टाफ बसें शामिल हैं.

यह उपलब्धि दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है और एक भरोसेमंद मोबिलिटी पार्टनर के रूप में अशोक लेलैंड की स्थिति को भी और मजबूत करता है. कंपनी ने बताया कि वाहनों की डिलीवरी योजना के अनुसार चल रही है; इसमें से 300 ट्रक पहले ही डिलीवर किए जा चुके हैं और अन्य 415 ट्रक मौजूदा वर्ष में डिलीवर किये जाने तय हैं. वीआरएल लॉजिस्टिक्स के प्रबंध निदेशक आनंद संकेश्वर ने कहा कि हमें अशोक लेलैंड के ट्रकों की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और प्रदर्शन पर पूरा भरोसा है. उनकी मजबूत बिक्री बाद सेवा बिना किसी रुकावट के हमारे काम को जारी रखने में मदद करता है, जबकि उनका तेजी से फैलता सर्विस नेटवर्क हमें व्यापार में बढ़त दिलाता है. यह नया ऑर्डर लॉजिस्टिक्स को और बेहतर बनाने के लिए हमारी साझेदारी को रणनीतिक रूप से और मजबूत तथा गहरा बनाता हैअशोक लेलैंड के नवाचार पर लगातार ध्यान देने और हमारी भविष्य की परिवहन रणनीति के दम पर हमें भविष्य में लगातार सफलता मिलने का पूरा भरोसा है.

एनबीसीसी का तिमाही मुनाफा 39% बढ़कर 253 करोड़ पर

नई दिल्ली, 26 मई. सार्वजनिक क्षेत्र की भवन निर्माण कंपनी एनबीसीसी का समेकित शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 38.78 प्रश बढ़कर 253.51 करोड़ पर पहुंच गया.कंपनी ने सोमवार को बताया कि तिमाही के दौरान उसका कुल राजस्व 4,700 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 4,618.60 करोड़ था. कंपनी का कर पूर्व लाभ 37.44 प्रश बढ़कर 342.29 करोड़ पर पहुंच गया. पूरे वित्त वर्ष के दौरान कंपनी ने पहली बार 10 हजार करोड़ का एकल राजस्व कमाया हैउसकी कुल आय 12.43 फीसदी बढ़कर 10,055.45 करोड़ रहीसमेकित आधार पर राजस्व 7.52 प्रश बढ़कर 13,195.89 करोड़ पर पहुंच गया।कंपनी के निदेशक मंडल ने एक रुपये अंकित मूल्य वाले हर शेयर पर 46 पैसे का लाभांश देने की घोषणा की है.

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय : ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072

धार शाखा: प्लॉट नंबर 70, प्रथम मंजिल त्रिमूर्ति नगर, मेन रोड़, जिला धार - 454001 (मध्य प्रदेश)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्रं.	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता (ओ)(शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य का दिनांक
1	(लोन कोड नं. 06800000181/ धार शाखा) पार्वती बाई ठाकुर (ऋणी) नरेन्द्र सिंह ठाकुर (सह-ऋणी) गिरिश गेरेना (जमानतदार)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान नं. 394 ख से ज्ञात, ग्राम तिरला, घाटी मोहल्ला, तहसील जिला धार, म.प्र.-454001 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- कॉमन रोड, पश्चिम- दिनेश पाटीदार का बाडा, उत्तर- सुरेन्द्र सिंह ठाकुर का मकान, दक्षिण- जनक सिंह ठाकुर का मकान	08-09-2023 & ₹ 5,86,444/-	23-05-2026

स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 27.05.2026

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER- I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jablapur- 482001, MP

DEMAND NOTICE

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961

RC/41/2017 **06-05-2026**

UNION BANK OF INDIA
Versus
M/S SONI PAVERS

To,
(CD1) M/S SONI PAVERS
OPP OMAXE CITY 1 INDORE DEWAS BYPASS OPP OMAXE CITY 1 INDORE DEWAS BYPASS Indore, MADHYA PRADESH
(CD2) MR SUNIL SONI
182 GANESHPURI COLONY 15 E RIDHI SIDHI VIHAR Indore, MADHYA PRADESH

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/146/2016** an amount of **Rs.4154509.47 (Rupees Forty One Lakhs Fifty Four Thousand Five Hundred Nine And Paise Forty Seven Only)** along with pendentelite and future interest @ 12% Simple Interest Yearly w.e.f. **26/02/2016** till realization and costs of **Rs 44000 (Rupees Forty Four Thousand Only)** has become due against you (Jointly and severally / Fully / Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipt of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of your assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **02/07/2026** at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **06/05/2026**

SEAL

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

यूग्रो कैपिटल लिमिटेड
बी-17, चौथी मंजिल, आर्ट गिल्ड हाउस, फीनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई- 400070

मांग नोटिस

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के प्रावधानों के तहत

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के तहत यूग्रो कैपिटल लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 3 के साथ पढ़ा जाए, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी करता/करती हूं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता/उधारकताओं को संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि को उक्त नोटिस की प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है। अधोहस्ताक्षरी का यह मानना है कि उधारकर्ता मांग नोटिस की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार नोटिस को चिपकाकर और प्रकाशित करके तामील की जा रही है। मांग नोटिस की सामग्री नीचे दी गई है:

उधारकर्ता का नाम	मांग सूचना की तिथि और राशि
1) बालाजी तीर्थ यात्रा एजेंसी 2) अंगूर बाला 3) शती लाल परमार लैन - UGINRMS0000071068	**मांग नोटिस की तिथि: 07 मई 2026 नोटिस राशि: 23,25,157.00/- (तेईस लाख पच्चीस हजार एक सौ सत्तावन मात्र) दिनांक 06 मई 2026 तक**
सुरक्षित संपत्ति का विवरण - अचल संपत्ति का वह भाग/मकान, जो सर्वे संख्या 2560/1 पैकी, पी.एच. संख्या 29, शिक्षक कॉलोनी बड़नगर, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश, 456771 में स्थित है। कुल क्षेत्रफलः (92.96 वर्ग मीटर) और सीमाएँ: दस्तावेजों के अनुसार सीमाएँ: - पूर्व की ओर: भेरूलाल पुत्र काना जी की भूमि, पश्चिम की ओर: सड़क, उत्तर की ओर: सड़क, दक्षिण की ओर: सड़क।	
1) विनोद कॉन्टेक्टर 2) ईश्वरलाल पाटीदार 3) विनोद पाटीदार, 4) धापू बाई 5) कृष्णा पाटीदार लैन - UGJRAMS0000068166	**मांग नोटिस की तिथि: 07 मई 2026 नोटिस राशि: 22,14,928.00 (बाईस लाख चौदह हजार नौ सौ अट्ठाईस मात्र) दिनांक 06/05/2026 तक**
सुरक्षित संपत्ति का विवरण - सर्वे नंबर 160, पी. एच. नंबर 24, मकान नंबर 192/2, वार्ड नंबर 07, ग्राम रोजाना, ग्राम पंचायत रोजाना, तहसील जावरा, जिला रतलाम, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति। कुल क्षेत्रफल 2303 वर्ग फुट या 213.94 वर्ग मीटर। सीमाएँ: उत्तर की ओर: सार्वजनिक सड़क, दक्षिण की ओर: शंकरलाल चंपालाल जी, पूर्व की ओर: सार्वजनिक सड़क, पश्चिम की ओर: दिनेश जी।	

उधारकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस का पालन करें और उसमें और ऊपर उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर, लागू ब्याज, विलंब शुल्क, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय आदि सहित, भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक करें। उधारकर्ता(ओं) को यह ध्यान रखना चाहिए कि यूग्रो कैपिटल लिमिटेड एक सुरक्षित ऋणदाता है और उधारकर्ता(ओं) द्वारा लिया गया ऋण अचल संपत्ति(यों) के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है, जो उधारकर्ता(ओं) द्वारा यूग्रो कैपिटल लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) हैं।
यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपने सभी दायित्वों का पूर्ण भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो यूग्रो कैपिटल लिमिटेड अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत सभी अधिकारों का प्रयोग करते हुए सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा करने के लिए अधिकृत होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से उनका हस्तांतरण करना या अधिनियम और उसके अंतर्गत नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का उपयोग करना शामिल है, ताकि उधारकर्ता के ऋण खाते में बकाया राशि की वसूली की जा सके। यूग्रो कैपिटल लिमिटेड को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्तियों को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के बाद, यूग्रो कैपिटल लिमिटेड को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि सुरक्षित परिसंपत्तियों का मूल्य उधारकर्ता द्वारा यूग्रो कैपिटल लिमिटेड को देय राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय यूग्रो कैपिटल लिमिटेड को किसी अन्य कानून के तहत उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है।
ऋणकर्ता(ओं) का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय का उल्लेख है, और अधिनियम की धारा 13(13) की ओर भी, जिसके तहत ऋणकर्ता(ओं) को यूग्रो कैपिटल लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या उनसे संबंधित किसी भी लेन-देन करने या उन्हें बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से (व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। उपरोक्त का अनुपालन न करना अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग नोटिस की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और ऋणकर्ता(ओं) यदि चाहें तो अधोहस्ताक्षरी से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

दिनांक: 27.05.2026
स्थान: मध्य प्रदेश

एसडी/- (अधिकृत अधिकारी),
यूग्रो कैपिटल लिमिटेड

Chola
Enter a better life

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय: "चोला क्रेस्ट", सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु वी का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032।

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। (नियम 8 एवं 9) आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवीदार को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई हैं और जिनका प्रतीकात्मक कब्जा चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें आगे चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा। सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री "जैसी है, जहां है", "जैसी है, जो है" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से की जाएगी। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://bankauctions.in के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गिरवीदार का खाता क्रमांक और नाम	बकाया राशि	अचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति)	आरक्षित मूल्य/ईएमडी /बोली वृद्धि राशि
ऋण खाता संख्या: TL01IND00000051295 और TL01IND0000062651. 1. मैसर्स अंकित ट्रेडर्स, (उधारकर्ता) वार्ड क्र.11, पटवा कॉलोनी, धामनोद मेन रोड, तेहधर्मपुरी, धार, मध्य प्रदेश - 454 552. 2. श्री अंकित पाटीदार, (सह-उधारकर्ता) 3. श्रीमती कोमल पाटीदार, (सह-उधारकर्ता) सं. 2 और 3 पर निवास कर रहे हैं, मकान नं. 153, वार्ड नंबर 11, ग्राम धामनोद, पटवा कॉलोनी, दहीवर रोड, आदिनाथ जैन के पास धर्मशाला, बिखरोन, तेह धरमपुरी, धार, मध्य प्रदेश - 454552.	रु. 5,06,07,869/- 13.11.2025 तक	मद संख्या 1: सर्वे संख्या 423/1, पी.एच. संख्या 25, धामनोद तहसील, धरमपुरी, जिला धार 454552, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का संपूर्ण भाग। भूमि रकबा 0.007 हेक्टेयर, 800 वर्ग फुट, 74,969 वर्ग मीटर। सीमाएँ: पूर्व: पाटीदार की भूमि, पश्चिम: सड़क, उत्तर: शेष भाग गणेश को बेचा गया, दक्षिण: शेष भाग रणछोड़ को बेचा गया। मद संख्या 2: सर्वे संख्या 423/7, पी.एच. संख्या 25, वार्ड संख्या 13, दहीवाड़ मार्ग से अंदर कुशवाह कॉलोनी से पटवा कॉलोनी क्षेत्र, धामनोद तहसील, धरमपुरी, जिला धार 454552, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का संपूर्ण भाग। श्री रणछोड़ पाटीदार द्वारा अंकित पाटीदार को 0.002 हेक्टेयर (200 वर्ग फुट, 18.587 वर्ग मीटर) का भूमि रकबा हस्तांतरित किया गया। निर्मित क्षेत्र का माप 200 वर्ग फुट (18.587 वर्ग मीटर) है। सीमाएँ: पूर्व: राजेंद्रकुमार तिलोकचंद जैन हफल की भूमि, पश्चिम: सड़क, उत्तर: अंकित पाटीदार का घर, दक्षिण: रणछोड़ का घर। मद संख्या 3 मकान संख्या 27, सर्वेक्षण संख्या 230/1/6, ग्राम-धामनोद, तहसील-धर्मपुरी, जिला-धार (मध्य प्रदेश) का संपूर्ण भाग, कुल भूमि 0.203 हेक्टेयर। सीमाएँ: पूर्व: सड़क, पश्चिम: अंबरम और अन्य की भूमि, उत्तर: भगवान पाटीदार का शेष भाग, दक्षिण: शेष भाग।	₹ 5,34,48,000/- ₹ 53,44,800/- ₹ 1,00,000/-

ई-नीलामी की तिथि और समय: 16.06.2026 - सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक (प्रत्येक बार 3 मिनट का असीमित विस्तार)। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 15.06.2026। संपत्ति निरीक्षण की तिथि: नियुक्ति के अनुसार।

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर जाएं। ई-नीलामी से संबंधित जानकारी, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, इच्छुक बोलीदाता मेसर्स फोरक्लोजर से संपर्क कर सकते हैं (संपर्क व्यक्ति: श्री नितेश पवार, फोन नंबर: 8142000725, ईमेल: nithesh@bankauctions.in)।
2. नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://bankauctions.in/ और https://cholamandalam.com/news/auction-notices पर जाएं और ई-नीलामी में भाग लें या श्री आशीष कुमार पांडा - फोन: 98195 38003 / श्री अमित शर्मा - फोन: 75667 66000 से संपर्क करें।

यह नियम 8(6), नियम 8 और 9 तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत एक वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना भी है।

दिनांक: 27.05.2026
स्थान: धार

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।